# इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी और 23 राज्य विश्वविद्यालयों के मध्य एमओयू हस्ताक्षरित

## चर्चा में क्यों?

20 अप्रैल, 2022 को राजस्थान राजभवन में राज्य के 23 सरकारी विश्वविद्यालयों और रेडक्रॉस सोसायटी, राजस्थान के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर किये गए, साथ ही रेडक्रॉस सोसायटी, राजस्थान की नई वेबसाइट **redcross.rajasthan.gov.in** का लोकार्पण भी किया गया।

## प्रमुख बिंदु

- एमओयू के अनुसार रेडक्रॉस और विश्वविद्यालय आपदाओं और जोखिम में रोकथाम-राहत कार्य, जल स्वच्छता एवं सफाई प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण प्रबंधन, पारिस्थितिकी आधारित कार्यों, स्वास्थ्य सेवाओं और रक्तदान के बारे में जागरूकता लाने के लिये आपसी सहयोग से कार्य करेंगे।
- इन एमओयू के बाद विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में भी रेडक्रॉस की प्रशिक्षण एवं अन्य गतिविधियों का विस्तार हो सकेगा। अब राज्य विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत लाखों विद्यार्थियों को रेडक्रॉस की गतिविधियों से जुड़ने का अवसर मिल सकेगा।
- रेडक्रॉस सोसायटी राजस्थान की नई वेबसाइट में नई सदस्यता और स्वयंसेवक के रूप में जुड़ने के लिये आवेदन एवं आर्थिक सहयोग देने की ऑनलाइन व्यवस्था की गई है।
- इस अवसर पर राजस्थान के राज्यपाल और रेडक्रॉस सोसायटी, राजस्थान शाखा के पदेन अध्यक्ष कलराज मिश्र ने कहा कि राजस्थान में रेडक्रॉस की गतिविधियों को गति देने के लिये सभी ज़िलों में ज़िला कलक्टरों के समन्वय से इकाइयों का गठन किया जा चुका है।
- उन्होंने रेडक्रॉस राज्य इकाई की कार्यकारिणी का गठन भी शीघ्र करने के निर्देश दिये, ताकि प्रदेश में आपदाओं और संकट के समय रेडक्रॉस का सबल, सक्रिय और सशक्त रूप दिखाई दे। उन्होंने प्रदेश में समयबद्ध अभियान चलाकर रेडक्रॉस सोसायटी को प्रभावी करने के निर्देश दिये।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mou-signed-between-indian-red-cross-society-and-23-state-universities